न्यायालय सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी

पीठासीन अधिकारी श्री गोपाल परिहार, RAS

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या:– 34 / 2022

प्रार्थी	बनाम	अप्रार्थीगण
हुकमसिंह पुत्र श्री नेनसिंह जाति पुरोहित निवासी नारनाडी, तहसील लूणी जिला जोधपुर ।		1. अशोकसिंह पुत्र भैरूसिंह 2. करणसिंह पुत्र भैरूसिंह 3. कुलदीपसिंह पुत्र भैरूसिंह 4. दशरथसिंह पुत्र भैरूसिंह 5. प्रकाशसिंह पुत्र भैरूसिंह सभी जातियान पुरोहित निवासी नारनाडी, तहसील लूणी जिला जोधपुर। 6. उदाराम पुत्र भानाराम जाति पटेल निवासी नारनाडी तहसील लूणी जिला जोधपुर । 7. किरण सुथार पत्नी श्री रतनाराम जाति जाट निवासी – ओम नगर, बोरानाडा तहसील लूणी जिला जोधपुर। 8. गोपाराम पुत्र पुसाराम जाति जाट निवासी जाटो का बास, बोरानाडा तहसील लूणी जिला जोधपुर। 9. श्यामलाल पटेल पुत्र ओमाराम जाति जाट निवासी गोलिया एरिया ग्राम झंवर तहसील लूणी जिला जोधपुर । 10. सुआ पत्नी श्यामलाल जाति पटेल निवासी लखावतो का बास, ग्राम झंवर तहसील लूणी जिला जोधपुर 11. इन्द्रा देवी पत्नी रमेश कुमार जाति सुथार निवासी मकान संख्या 37 व 38 ग्राम पाल की योजना विश्वकर्मा नगर, शिल्प पाल रोड जोधपुर। 12. दौलत कुमार पुत्र श्री शंकर सुथार जाति सुथार निवासी सी सेक्टर, यूआईटी कॉलोनी प्रतापनगर जोधपुर। 13. निम्बाराम पुत्र भूराराम जाति सुथार निवासी महावीर नगर, पाल रोड जोधपुर । 14. धवन सांवल पुत्र जेठमल सांवल जाति माहेश्वरी निवासी 164, फिल्टर हाउस रोड, महालक्ष्मी स्कूल के पास, प्रतापनगर जोधपुर 15. प्रदीप भादरेचा पुत्र शंकरलाल जाति सुथार निवासी यू आई टी कॉलोनी सी सेक्टर प्रतापनगर जोधपुर । 16. महेशाराम पुत्र जामाराम जाति सुथार निवासी गायत्री नगर जोधपुर। 17. राजस्थान

कार्यालय उपखण्ड मजिस्ट्रेट (लूणी)

प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 111, 128 भू राजस्व अधिनियम ।

अधिवक्तागण: –

1. प्रार्थी की और से अधिवक्ता श्री प्रहलादसिंह
2. अप्रार्थीगण सख्या 1 से 6 की तरफ से हनुमान प्रजापत,
3. अप्रार्थीगण की तरफ से प्रेमकुमार देवडा
4. अप्रार्थीगण संख्या 17 की तरफ से राजकीय अधिवक्ता

निर्णय दिनांक :– 12/12/2022

प्रकरण के तथ्य इस प्रकार से हैं कि प्रार्थीगण की खातेदारी कृषि भूमि वाके ग्राम नारनाडी, तहसील लूणी जिला जोधपुर में खसरा संख्या 781/182 कुल रकबा 00.3237 हैक्टेयर आयी हुई स्थित हैं जिस पर बहैसियत खातेदार के प्रार्थी मालिक काबिज काश्त हैं । जिस पर प्रार्थी कृषि भूमि पर मुटाम लगाना चाहता है परन्तु अनावश्यक विवाद हो जाता है, इस कारण प्रार्थी उक्त खातेदारी की भूमि की पत्थरगढी करवाना चाहता है जिसके लिये प्रार्थना पत्र पेश किया । प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी तहसीलदार झंवर ने पत्र क्रमांक /भूअ/2022/527 दिनांक 9.9.2022 मौके की तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की । उभय पक्षो की बहस सुनी गयी, बहस कर मनन किया गया व पत्रावली का अवलोकन किया गया । प्रार्थी के खसरा संख्या 781/182 भूमि की सीमाज्ञान एंव पत्थरगढी करवाना चाहता है । इस बाबत तहसीलदार झंवर की रिपोर्ट व पटवारी हल्का की रिपोर्ट के अनुसार खसरा संख्या 781/182 में है । इन परिस्थितियों में प्रार्थी की भूमि का सीमाज्ञान हो जाने से उसके अधिकारो पर विपरित प्रभाव नही पडेगा तथा भूमि को लेकर अनावश्यक विवाद भी नही होगा । ऐसी परिस्थिति में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार करना न्यायोचित प्रतीत होता है

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र धारा 111, 128 भू राजस्व अधिनियम स्वीकार किया जाकर ग्राम नारनाडी पटवार क्षेत्र नारनाडी खसरा संख्या 781/182 की भूमि का मौके फर्द दिनांक 9.9.2022 के अनुसार सीमाज्ञान व पत्थरगढी की जाये इस बाबत तहसीलदार झंवर को तहरीर जारी हो पत्रावली फैसल शुमार होकर दफतर दाखिल हो ।

कार्यालय उपखण्ड मजिस्ट्रेट (लूणी)

(गोपाल परिहार) RAS
सहायक कलेक्टर एंव उपखण्ड मजिस्ट्रेट लूणी
सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी,
लूणी

Scanned by CamScanner